# 24 बाल रचनाकारों को मिलेंगे साहित्य पुरस्कार

- 14 को भागीदारी भवन में आयोजित किया जाएगा समारोह
- 15 को कई पुरस्कृत लेखक साझा करेंगे रचनात्मक अनुभव

जागरण संवाददाता • लखनऊ : साहित्य अकादमी, दिल्ली का बाल साहित्य पुरस्कार इस बार 24 बाल रचनाकारों को प्रदान किया जाएगा। बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह इस बार बाल दिवस पर लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 14 नवंबर को शाम पांच बजे गोमती नगर के भागीदारी भवन में मुख्य अतिथि प्रो.सूर्य प्रसाद दीक्षित और समारोह की अध्यक्षता कर रहे अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक बाल साहित्यकारों को 50 हजार की राशि और ताम्रफलक देकर पुरस्कृत करेंगे। दूसरे दिन 15 नवंबर को लेखकों के वैचारिक सत्र सुबह से हिंदी संस्थान में आयोजित किए जाएंगे।



शम्सुल इस्लाम फारूकी, देवेन्द्र कुमार



हर्षदेव माधव, नंदिनी सेन गुप्ता

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि बाल साहित्य पुरस्कार 2024 के चयनित लेखकों में रंजु हाजरिका- असमिया, दीपांविता राय- बांग्ला, भार्जिन जेकुभा मोसाहारी- बोडो, बिशन सिंह दर्दी- डोगरी, नंदिनी सेनगुप्ता- अंग्रेजी, गिरा पिनाकिन भट्ट- गुजराती, देवेन्द्र कुमार- हिंदी, कृष्णमूर्ति बिलिगेरे- कन्नड़, मुजफ्फर हुसैन दिलबर- कश्मीरी, हर्षा सद्गुरु शेटये- कोंकणी, नारायणजी- मैथिली, उन्नी अम्मायंबलम- मलयालम, क्षेत्रिमयुम सुवदनी- मणिपुरी, भारत सासणे- मराठी, वसंत थापा- नेपाली, मानस रंजन सामल- ओड़िआ, कुलदीप सिंह दीप- पंजाबी, प्रहलाद सिंह झोरड़ा- राजस्थानी, हर्षदेव माधव- संस्कृत, दुगाई टुडु- संथाली, लाल होतचंदानी लाचार- सिंधी, युमा वासुकि- तमिल, पामिदिमुक्कला चंद्रशेखर आजाद- तेलुगु और शम्सुल इस्लाम फारूकी- उर्दू हैं। समारोह में समापन वक्तव्य केंद्रीय साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा देंगी, जबकि स्वागत सचिव करेंगे। 15 नवंबर को सुबह 10 बजे से निराला सभागार हिंदी संस्थान में पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ 'लेखक सम्मिलन' होगा। इसमें पुरस्कार विजेता कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में रचनात्मक लेखन के अनुभव साझा करेंगे। दोपहर बाद ढाई बजे दूसरे सत्र में 'बाल लेखनः अतीत, वर्तमान और भविष्य' विषयक संगोष्ठी की जाएगी। इसमें विभिन्न भाषाओं के साहित्यकार विचार रखेंगे।